दैनिक
# क्यूँ न लिखूँ सच
प्रातः कालीन
भारत सरकार से रजिस्टर्ड
हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र
मुरादाबाद से प्रकाशित
RNI NO- UPBIL/2021/83001



दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com



KNLS Live
सम्पर्क करे-9027776991
न्यूज़ पोर्टल बनवाये 2999 में
न्यूज़ पेपर डिजाइन कराये कम दाम में



वर्ष :- 03 अंक :- 66 मुरादाबाद, 25 June 2023 (Sunday) पृष्ठ :- 12 मूल्य : 3.00 रुपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड


## भूमि पूजन समारोह: यूपीसीडा ने लगाई पूरी ताकत, 10 हजार करोड़ का होगा निवेश, 21 हजार से ज्यादा नौकरियां मिलेंगी



यूपी में निवेश के लिए भूमि पूजन करवाने के लिए यूपीसीडा ने पूरी ताकत लगा दी है। जून के दूसरे सप्ताह तक 263 प्रस्तावों को चुना जा चुका है।

ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के बाद उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) ने भूमि पूजन समारोह के लिए पूरी ताकत लगा दी है। यूपीसीडा ने जून के दूसरे हफ्ते तक 263 प्रस्तावों को चुना है। 506 से ज्यादा निवेशकों से संपर्क किया जा चुका है। उनमें से 150 निवेशकों के प्रस्ताव को फाइनल किया जा चुका है। वहीं, 160 से ज्यादा निवेशकों ने जमीन की मांग की है। इनमें से 152 निवेशकों के लिए जमीन उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त बरेली, आगरा, कन्नौज, उन्नाव और प्रयागराज के मेगा प्रोजेक्टों पर विशेष फोकस किया गया है।जिन प्रस्तावों में अभी एमओयू नहीं हो सका है, उन्हें भी भूमि पूजन समारोह में शामिल किया जा रहा है। ऐसे करीब 452 प्रोजेक्ट हैं, जिनमें 10 हजार करोड़ रुपये का निवेश किया जाएगा। अकेले इन प्रस्तावों से ही 21 हजार से ज्यादा रोजगार का सृजन होगा। इनमें से 21 प्रोजेक्ट शुरू भी हो चुके हैं।

### लैंड बैंक बढ़ाने में यूपीसीडा ने झोंकी ताकत

यूपीसीडा पूरे प्रदेश में जमीनों का अधिग्रहण कर रहा है। अभी तक 1,270 एकड़ जमीन अधिग्रहण की कार्यवाही प्रगति पर है। रायबरेली की वेस्पा कार कंपनी की 89 एकड़ जमीन, बाराबंकी स्थित स्पिनिंग मिल की 68 एकड़ जमीन, लखनऊ में स्कूटर इंडिया की 147 एकड़ जमीन, हाथरस में औद्योगिक क्षेत्र सलेमपुर की 550 एकड़ जमीन, हरदोई स्थित सधिनांवा की 253 एकड़ जमीन, चित्रकूट में 67 एकड़ और प्रतापगढ़ में आटो ट्रैक्टर की 96 एकड़ जमीन, प्रयागराज में भारत पंप एंड कम्प्रेशर की 231 एकड़, बाराबंकी में सनौली में 273 एकड़, मिर्जापुर में 144 एकड़, एटा में 97 एकड़ और रामपुर में 133 एकड़ जमीन यूपीसीडा के पास आ गई है। इन जमीनों पर कब्जा लेने के बाद योजना, विकास आदि किया जाएगा।

### कोविड काल में भी 240 फीसदी से ज्यादा जमीन आवंटन

तीन साल में यूपीसीडा का ऑपरेटिंग राजस्व 21 फीसदी बढ़ा है। कोविड काल में 240 फीसदी से ज्यादा जमीन आवंटन किया गया। पिछले पांच साल में औद्योगिक क्षेत्रों के विकास पर 300 फीसदी से ज्यादा की वृद्धि करने से आवंटियों की सुविधा बढ़ी है।


### प्रयागराज, लखनऊ और बरेली में सबसे ज्यादा जमीन अधिग्रहीत

औद्योगिक विकास के लिए जमीन अधिग्रहण के मामले में सबसे आगे प्रयागराज, लखनऊ और बरेली है। प्रयागराज में 117 एकड़, लखनऊ में 88 एकड़ और बरेली में 86 एकड़ जमीन का अधिग्रहण किया गया है। चौथे नंबर पर गाजियाबाद (82 एकड़) और पांचवें नंबर पर अयोध्या और सूरजपुर (72 एकड़) है। कानपुर में केवल 37 एकड़ जमीन ही अधिग्रहीत की गई है।

### निवेश मित्र और नीलामी से दिए 117 भूखंड

प्राधिकरण ने निवेश मित्र पोर्टल के जरिये 18 एकड़ के 49 भूखंड आवंटित किए। इनमें 110 करोड़ रुपये का निवेश आएगा और लगभग 2600 लोगों को रोजगार मिलेगा। ई नीलामी से 25 एकड़ के 68 भूखंड दिए गए। इनमें 340 करोड़ रुपये का निवेश होगा। इसके जरिये 6,000 लोगों को रोजगार मिलेगा। निवेश मित्र पोर्टल पर अभी भी 493 एकड़ के 469 भूखंड उपलब्ध हैं। जबकि ई नीलामी पोर्टल पर 216 एकड़ के 675 भूखंड मौजूद हैं। इनमें सबसे ज्यादा 156 भूखंड अयोध्या और 125 भूखंड आगरा में हैं। 96 भूखंडों के साथ झांसी तीसरे और 80 भूखंडों के साथ अलीगढ़ चौथे स्थान पर है। लखनऊ में 76 भूखंड हैं। पांच मेगा प्रोजेक्टों पर सबसे ज्यादा फोकस- मेगा फूड पार्क, बहेड़ी, बरेली = 250 एकड़ इंटीग्रेटेड मैन्यूफैक्चरिंग क्लस्टर, आगरा - 1,058 एकड़ इत्र पार्क कन्नौज = 57 एकड़ ट्रांसगंगा सिटी, उन्नाव = 1,144 एकड़ इंटीग्रेटेड मैन्यूफैक्चरिंग क्लस्टर, प्रयागराज = 1,139 एकड़

## बागी वैगनर ग्रुप को पुतिन की चेतावनी, कहा- विश्वासघात किया, हमारा जवाब और भी कठोर होगा



मीडिया रिपोर्ट के अनुसार प्रिगोझिन के लड़ाकों ने रूसी सेना के मुख्यालय रोस्तोव-ऑन-डॉन पर कब्जा कर लिया है। वहीं, रूसी रक्षा मंत्रालय ने भी तुरंत प्रतिक्रिया दी है और प्रगोझिन के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी कर दिया है। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की मुश्किलें बढ़ती नजर आ रही हैं। वैगनर ग्रुप के प्रमुख येवगेनी प्रिगोझिन ने देश के नेतृत्व को खत्म करने की धमकी दी है। वैगनर ग्रुप के लड़ाके राजधानी मॉस्को की तरफ बढ़ रहे हैं। वहीं, वैगनर ग्रुप की बगावत और कई शहरों में सैन्य ठिकानों पर कब्जे की खबरों के बीच रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर राष्ट्र के नाम संबोधन दे रहे हैं। पुतिन ने कहा कि वैगनर ने बुरे वक्त में रूस के साथ विश्वासघात किया है। उसने निजी हितों के कारण पीठ में छुरा घोंपा है। उन्होंने कहा कि रूस अपने भविष्य के लिए पूरी ताकत से लड़ रहा है। हमारा जवाब और भी कठोर होगा। रूसी राष्ट्रपति ने आगे कहा कि जिसने भी देश की सेना के खिलाफ हथियार उठाया है, उसे सजा दी जाएगी। उन्होंने कहा कि रूस की रक्षा के लिए सब कुछ करेंगे और रोस्तोव-ऑन-डॉन में स्थिति को स्थिर करने के लिए निर्णायक कार्रवाई की जाएगी। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार प्रिगोझिन के लड़ाकों ने रूसी सेना के मुख्यालय रोस्तोव-ऑन-डॉन पर कब्जा कर लिया है। वहीं, रूसी रक्षा मंत्रालय ने प्रिगोझिन की धमकी के बाद तुरंत प्रतिक्रिया दी है और उसके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी कर दिया है। एक समय रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन का सबसे खास रहा येवगेनी प्रिगोझिन अब खुलकर रूसी नेतृत्व पर सवाल उठा रहा है। वैगनर ग्रुप की बगावत के बाद राजधानी मॉस्को की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। मॉस्को के मेयर ने बताया कि राजधानी में आतंकवाद विरोधी कदम उठाए गए हैं। सुरक्षा व्यवस्था मजबूत की गई है।

### यह है मामला

यूक्रेन में वैगनर ट्रेनिंग कैंप पर मिसाइल हमले के लिए प्रिगोझिन ने क्रेमलिन को दोषी ठहराया है। इस हमलें में दर्जनों वैगनर लड़ाके मारे गए थे। अब समूह के सरगना ने बदला लेने की ठान ली है। एक वीडियो में 62 वर्षीय येवगेनी प्रिगोझिन ने देश के नेतृत्व को उखाड़ फेंकने के लिए बड़ी संख्या में सैनिकों को तैनात करने की कसम खाई। उन्होंने कहा कि जिन्होंने आज हमारे लोगों को नष्ट कर दिया उन्हें दंडित किया जाएगा। हम मॉस्को जा रहे हैं, और जो कोई भी हमारे सेंटर्स में प्रवेश करेगा वह इसके लिए जवाबदेह होगा। सरगना ने आगे कहा कि कोई भी हमारे रास्ते में आने की कोशिश करेगा, हम उन्हें खतरा मानेंगे। हमारे रास्ते में आने वाली सभी चौकियों सहित उन्हें तुरंत नष्ट कर देंगे। प्रिगोझिन ने बताया कि यूक्रेन में हो रहे हमले का वहीं नेतृत्व कर रहे थे। अब उनके लड़ाकू दक्षिणी रूसी क्षेत्र रोस्तोव में प्रवेश कर गए हैं। हालांकि, उसने इस बात का कोई सबूत नहीं दिया। प्रिगोझिन ने जनरल स्टाफ के प्रमुख वालेरी गेरासिमोव पर उनकी इकाइयों के खिलाफ हमले का आदेश देने का आरोप लगाया है।

## शादी के अगले दिन दूल्हा-दुल्हन संग पांच रिश्तेदारों को काट डाला



उत्तर प्रदेश के मैनपुरी में दिल को दहला देने वाली घटना हुई। युवक ने अपने ही परिवार के लोगों, रिश्तेदार और एक दोस्त की बेरहमी से हत्या कर दी। हत्याकांड को उस समय अंजाम दिया गया, जब सभी सो रहे थे। एक दिन पहले ही छोटे भाई की शादी होकर आई थी। घर में रिश्तेदार भी मौजूद थे। युवक के सिर पर न जाने क्या भूत सवार हुआ कि उसने धारदार हथियार से नवविवाहित भाई और उसकी दुल्हन समेत पांच रिश्तेदारों को काट डाला। इस दौरान आरोपी ने अपनी पत्नी और मामी पर भी हमला किया, जिससे वे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गईं। गोकुलपुरा रसारा में दूल्हा-दुल्हन समेत पांच रिश्तेदारों की धारदार हथियार से गला काटकर हत्या कर दी गई। इसके बाद आरोपी ने खुद को भी गोली मार ली। आरोपी कोई और नहीं बल्कि घर का बड़ा बेटा है। गांव गोकुलपुर अरसारा निवासी सुभाष चंद्र यादव के तीन पुत्र शिववीर सोनू और भुल्लन थे। शुक्रवार को मझले पुत्र सोनू (20) की बरात इटावा के थाना चौबिया क्षेत्र के गांव गंगापुर से लौट कर आई थी। घर में नई बहू सोनी (20) के आने से खुशियों का माहौल था। शुक्रवार की देर रात एक बजे तक सभी लोग डीजे बजा कर नाच गा रहे थे।रात में शिववीर ने कोल्ड ड्रिंक में कोई नशे की गोली मिलाकर सभी को पिला दिया। सभी के बेहोश होने के बाद शिववीर ने धारदार हथियार से आंगन में लेटे भाई भुल्लन (20), बहनोई सौरभ निवासी चांदा हविलिया (26), भाई के दोस्त दीपक (20) फिरोजाबाद छत पर सो रहे सोनू (22) और नवविवाहिता सोनी की धारदार हथियार से गला काटकर हत्या कर दी।

हमले में सुभाष, आरोपी की पत्नी और मामी गंभीर रूप से घायल हो गए। पांच हत्याएं करने के बाद शिववीर ने खुद भी गोली मारकर खुदकुशी कर ली। हत्याकांड की सूचना मिलने के बाद एसपी विनोद कुमार और कई थानों का फोर्स गांव पहुंच गया।तीन घायलों को जिला अस्पताल भेजा गया। पुलिस ने सभी शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। हत्याकांड को क्यों अंजाम दिया गया इसकी वजह अभी पता नहीं लग सकी है। पुलिस कारण जानने का प्रयास कर रही है।

## मऊ के चर्चित रामसिंह मौर्य दोहरे हत्याकांड में माफिया मुख्तार अंसारी की पेशी, 15 जुलाई अगली तिथि



मऊ में दस वर्ष पूर्व हुए राम सिंह मौर्य दोहरे हत्याकांड में आज सुनवाई हुई। माफिया मुख्तार अंसारी की वीडियो कांफ्रेंसिंग पेशी हुई। इस मामले में 11 लोगों पर एफआइआर दर्ज की गई थी। एमपी-एमएलए कोर्ट में इसकी सुनवाई चल रही है। अभीतक इस हत्याकांड में आरोप तय नहीं हुए हैं। पूर्व में मुकदमे में बचाव पक्ष की ओर से एक भी गवाह नहीं पेश किया गया था। मऊ-। एमपी-एमएलए कोर्ट के विशेष न्यायाधीश दिनेश कुमार चौरसिया की अदालत में थाना दक्षिणटोला के रामसिंह मौर्य व गनर सिपाही सतीश कुमार दोहरे हत्याकांड के मामले में शनिवार को मुख्तार अंसारी की वीडियो कांफ्रेंसिंग से पेशी हुई। इस मामले में उच्च न्यायालय के स्थगन आदेश के चलते सुनवाई नहीं हो पाई और अगली तिथि 15 जुलाई की नियत कर दी गई। मुख्तार अंसारी की पेशी बांदा जेल से लिंक जुड़ने के बाद वीडियो कांफ्रेंसिंग कराई गई।वीडियो कांफ्रेंसिंग से कराई गई मुख?तार की पेशी-गौरतलब है कि 12 वर्ष पूर्व जनपद के ठेकेदार मन्ना सिंह दोहरे हत्याकांड के चश्मदीद गवाह रामसिंह मौर्या व उनके गनर सिपाही सतीश कुमार की दक्षिणटोला थाना क्षेत्र में स्थित पुराने एआरटीओ आफिस के सामने गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में मुख्तार अंसारी सहित दर्जन भर लोगों को आरोपित बनाया गया है। वहीं विधायक निधि मामले को लेकर लगे गैंगस्टर के मुकदमे में भी पेशी हुई। इसमें भी 15 जुलाई की तारीख नियत की गई। यह मामला हाजिरी में चल रहा है अभी आरोप नहीं बना है।

### रामसिंह समेत दो की हुई थी हत्या

मामला 19 मार्च 2010 का है। उस दिन रामसिंह मौर्य साथियों के साथ सफारी वाहन में सवार होकर मोहम्मदाबाद से मऊ जा रहे थे। रास्ते में जैसे ही मऊ के दक्षिण टोला थाना क्षेत्र में आरटीओ कार्यालय हकीकतपुर के पास पहुंचे, उसी दौरान मोटरसाइकिल सवार चार बदमाशों ने अंधाधुंध फायरिंग की थी। गोली लगने से रामसिंह की मौके पर ही मौत हो गई थी। जबकि उनके साथ रहे सतवीर के सुरक्षा में लगे कांस्टेबल सतीश कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए थे। कांस?टेबल सतीश कुमार को गंभीर हाल में वाराणसी जनपद के लिए रेफर किया गया।

संपादकीय Editorial

# Accusations with friendship

Almost all the wishes and expectations of India were fulfilled after the bilateral dialogue between President Joe Biden and Prime Minister Modi. This is evident from the joint statement and signing of MoUs. Fighter aircraft engines F-414, destroyer drones, semiconductors, deadly missiles, cannons, rifles etc. arms and defense equipment will now be produced in India. Our companies will produce. The US has also signed technology sharing agreements. ISRO-NASA will go to the International Space Station through a joint space mission. The two organizations will also discuss the strategy to take humans into space. Micron Company will set up the plant at a cost of Rs 22,500 crore and will invest Rs 6500 crore on semiconductor assembly. Another well-known company related to semiconductor will train and then employ 60,000 engineers in the country. More or less now we will not have to depend on China, Singapore for semiconductor chips. American cooperation and quantum coordination agreement has also been done in 5-G and 6-G technology. The US which had refused to give GPF data to India during the Kargil war in 1999, today the same US is eager to enter into multi-level partnership agreements with India. Obviously India has changed a lot. By the way, the American President has been of the Democratic Party even then and even today. During Prime Minister Modi's state visit, India's bag was filled, but former President Barack Obama of the Democratic Party has made a questionable allegation that President Biden should ask Prime Minister Modi, on the security of the minority Muslims in India and the impending crisis. Must ask questions. Barak has also made it clear in the interview that if he were the President of America today, he would have definitely asked this question to the Indian Prime Minister. Barack Obama has been the President and Biden was his Vice President for 8 years. When Prime Minister Modi visited America and addressed the US Parliament for the first time, Barack was the President. Prime Minister Modi had also declared President Obama as his 'friend' on several occasions. Why didn't Barack Obama raise this question then? Not only this, 75 US MPs had also written a letter to President Biden urging Prime Minister Modi to address religious intolerance, political curbs, less freedom of expression, vulnerable minorities, human rights abuses, democracy-constitution crisis, internet ban etc. in India. But questions should be asked.


Protests were also held in some parts of America regarding these issues. However, on the question of a journalist in the joint press conference, Prime Minister Modi replied that democracy is in the DNA of India and America. Our government runs on the basis of the constitution, with the values of democracy. We have proved that the government lives on democracy. When we live with democracy, then the question of discrimination does not arise. If there is no human rights, then there is no democracy. The people who have rights in India, they get them. There is no discrimination. Neither on the basis of religion nor on the basis of caste.... We find conventional questions from the likes of Barack Obama 'sponsored'. However, this visit is in view of Indo-US friendship and the role played for peace and stability in the world.

# Scenario: Under what pressure is Stalin, how will a strong opposition stand in such a situation

Even though there was a meeting of opposition leaders in Patna on Friday on the invitation of Nitish Kumar, but still there is no unanimity among the opposition leaders. The DMK is troubled by these illusions. On top of that several top DMK ministers are facing corruption and money laundering charges. In such a situation, how will a strong opposition emerge, which can compete with Narendra Modi? The Dravida Munnetra Kazhagam (DMK), the main ally of the Congress in Tamil Nadu, is under immense political pressure to take a tough stand against the BJP at the national level. Although the DMK has weakened in Tamil Nadu, yet at the national level, Chief Minister MK Stalin has been visiting the headquarters of other regional parties from Patna. From this it can be understood that DMK is upset with its current political situation. And the reason for this is that the BJP is making steady inroads in Tamil Nadu. In Tamil Nadu, the Congress is not developing its organization, but is completely dependent on the DMK. Is there any specific reason behind Stalin's rapid loss of grip? Senior DMK leaders quietly share this sentiment with others. From this it seems that the All India Anna Dravida Munnetra Kazhagam (AIADMK) and BJP alliance will do better in the upcoming Lok Sabha elections of 2024. There is movement at the ground level in favor of AIADMK. The tussle between Governor RN Ravi and Chief Minister Stalin of DMK continues even as the public believes that the tussle could have been avoided. But raising the issue of migrants from Uttar Pradesh, Bihar and Jharkhand by the DMK and calling them pani-puri sellers has also not wooed the Tamil people. Voters feel that Narendra Modi has deliberately sent Governor RN Ravi to Tamil Nadu to trouble the DMK. BJP chief in Tamil Nadu K Annamalai says, 'Yes, it is a politics.' Also, Bihar Chief Minister Nitish Kumar's cancellation of his Tamil Nadu tour was seen as a weakness of opposition unity here. At the same time strategically BJP is sending top Union Ministers and leaders- Rajnath Singh, Amit Shah, Nitin Gadkari, Yogi Adityanath on tour to many parts of Tamil Nadu. And Prime Minister Modi is preparing to build a strong base for BJP in Tamil Nadu through Banaras Tamil Sangamam. Apart from this, the way Prime Minister Narendra Modi installed Sengol in Parliament on the occasion of the inauguration of the new Parliament House on May 28, this indicates that Modi may also consider contesting from South Chennai or Ramanathapuram Lok Sabha seat. Are. Narendra Modi wants Nirmala Sitharaman and Dr. S Jaishankar to contest from Coimbatore and Tiruchirappalli Lok Sabha seats respectively. So with these combined approaches, the fight between both the UPA (United Progressive Alliance) and the NDA (National Democratic Alliance) in Tamil Nadu will be interesting. Superstar Rajinikanth has retreated from politics in recent months, but other Tamil film actors like Vijay Jacob, Ajith Kumar are making their way into politics. In such a situation, their entry into politics will help the DMK to a great extent in overcoming the anti-incumbency waves. DMK leader MK Stalin wants BJP and Narendra Modi not to score a hat-trick in the upcoming Lok Sabha elections. But the Enforcement Directorate (ED) is also an attacker on the DMK. Three or four top ministers of DMK are facing allegations of corruption and large scale money laundering in many countries. In such a situation, the image of DMK is not good even in the eyes of the public. Its senior minister Senthil Balaji was arrested by the Enforcement Directorate last week in an alleged bribery-for-job scam. But he is admitted to the hospital by adopting medical, political and legal tactics to avoid going to jail. The DMK is also plagued by internal factionalism. Most of the DMK ministers had defected from Jayalalithaa's party, the AIADMK. Now they have dominated DMK leader Stalin. Members of the first family of the DMK are important links between the party and the government. Many senior party leaders, who have defected from other parties, do not like this additional dominance of the Stalin family. Apart from this, DMK has always been adopting anti-Hindi and anti-North Indian policy, due to which North Indian voters have been rejecting DMK. How will a strong opposition emerge? Nitish Kumar's concept is to field a common opposition candidate against the BJP on 450 seats in the Lok Sabha elections, will it be possible in such a situation? Even though a meeting of opposition leaders has been held in Patna on Friday on the invitation of Nitish Kumar, but still there is no unanimity among the opposition leaders and the situation of dilemma remains. The DMK is troubled by this state of confusion. Under pressure, the DMK may also opt for a strategic solution after the 2024 Lok Sabha elections. Obviously, the DMK is beset by several crises, that too in a difficult situation. Narendra Modi's attack against DMK has certainly been felt by senior DMK leaders. The DMK can no longer intimidate the Center with the story of separatism. New young voters after Jayalalithaa and Karunanidhi rule are now looking for solutions. And Annamalai, the youth leader of the BJP, can fill that void. In Tamil Nadu, the BJP is set to launch a statewide padyatra in July. Modern day kids want digital access. want innovation related to artificial intelligence, they Chuch Dravid does not want to be mired in politics. Yes, Dravidian thinkers feel that Tamil Nadu is changing with the digital world. The DMK cannot close its eyes to these changes on the ground.

# Importance of India, target on China along with Pakistan from America

How China is irritated by India's growing international influence is also known from the fact that it chose to shield Sajid Mir, the Lashkar terrorist mastermind involved in the conspiracy of the Mumbai attacks, at the same time when Indian Prime Minister Narendra Modi Was in America. This was the peak of China's desperation and brazenness. If anything is clear from the way the Indian Prime Minister was received at the White House during his state visit to the US and his address to the US Parliament was appreciated, it is that the two countries relations are entering a new era. Although the relations between the two countries have been getting stronger for a long time, but before this no Indian Prime Minister has hardly got such importance in America. Underlining this importance are the many important agreements signed between India and America in the fields of defence, technology, industry etc. Some of these agreements are for which India has been



striving for decades, such as the agreement between GE Aerospace and Hindustan Aeronautics Limited to jointly manufacture the F 414 fighter jet engine in India. Such agreements are also underlining the closeness of the two countries and also the trust they have in each other. America's growing trust in India is a reflection of the fact that India is on its way to becoming a major power in the world. The agreements between the two countries also show that today India needs America more than it needs America. One reason for this is the decreasing influence of America at the international level and the increasing stature of India. In fact, today not only America, every major country of the world is considering it necessary to keep India with it. Not surprisingly, the Indian Prime Minister's visit to the US was closely watched by countries around the world. Naturally, China and Pakistan were also among them. It is good that in the joint statement issued after the summit between the Indian Prime Minister and the US President, along with Pakistan, China was also targeted. It was necessary to do this because, while Pakistan is not deterring from giving support and protection to terrorism, on the other hand, due to its expansionist policies, China has become a threat not only to Asia but to the whole world. Due to India's growing international influence How irritated China is is also evident from the fact that it chose to shield Sajid Mir, the Lashkar terrorist mastermind involved in the Mumbai attack plot, at the very time when the Indian Prime Minister was in America. This was the height of China's desperation and brazenness. With his attitude, he showed that not only India, but the whole world should be wary of him. America is realizing that India's support is necessary to deal with China's dictatorial attitude. In fact, this necessity has also worked to increase India's importance in America. This importance is telling that India's time has come.

# प्री मानसून की बारिश में खुली स्मार्ट सिटी में जलनिकासी व्यवस्था की पोल, सड़कों के गड्ढे में पानी भरने से हादसे की आशंका



मुरादाबाद- प्री मानसून की बारिश में ही स्मार्ट सिटी में जलनिकासी व्यवस्था की पोल शनिवार को खुल गई। सुबह 10-30 बजे के करीब तेज बारिश से जहां गर्मी से तो लोगों को थोड़ी राहत मिली। लेकिन नाला-नालियों की ठीक से सफाई न होने से जल निकासी नहीं हो पाया। जिससे महानगर के कई मोहल्ले की सड़कों पर पानी भर गया। सीवरेज पाइपलाइन डालने के कार्य वाली सड़कों की खोदाई से गड्ढों में पानी भरने से हादसे की आशंका बढ़ गई। प्री मानसून की बारिश से लोगों को गर्मी व उमस से फौरी राहत मिली तो सभी के चेहरे खिले। लेकिन नगर निगम की लचर कार्यशैली ने पहले ही दिन स्मार्ट सिटी की व्यवस्थाओं की कलई खोल दी। बरसात से पहले नाला सफाई के लिए पिछले दिनों नगर आयुक्त के निरीक्षण के बाद भी स्थिति बदतर रही। जिसका नजारा महानगर के नागरिकों ने देखा। सोनकपुर स्पोर्टस स्टेडियम वाली रोड पर सीवरेज कार्य के चलते सड़क खोदाई कर छोड़ दिया गया है। कई जगह काम भी चल रहा है। बारिश का पानी इन गड्ढों में भरने से आवागमन में भी परेशानी हुई। लोगों को यह डर था न जाने उनके वाहनों के पहिए किस गड्ढे में घुस जाए और गिर कर चोटिल हो जाएं। कई दोपहिया वाहन चालक फिसले भी लेकिन गनीमत रही कि उनको गंभीर चोट नहीं लगी। यही स्थिति रामगंगा विहार फेज एक, आशियाना फेज एक व दो की भी रही।

इसके अलावा कांठ रोड, सिविल लाइंस में भी कई जगह बारिश का पानी भरने से नाले की गंदगी सड़क पर पसर गई। लोगों को गंदगी के बीच आवाजाही करनी पड़ी।सोनकपुर स्टेडियम रोड, रामगंगा विहार फेज एक, आशियाना सहित अन्य कॉलोनियों में पानी भरने से आवागमन प्रभावित

# अगले साल 31 मार्च तक हर घर में पहुंचेगा पीने का पानी



मुरादाबाद- जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक सर्किट हाउस सभागार में शनिवार को हुई। अध्यक्षता सांसद डा. एसटी हसन ने की। जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह ने सांसद डा. एसटी हसन, जिला पंचायत अध्यक्ष डा. शेफाली सिंह का स्वागत किया। अन्य जनप्रतिनिधियों के स्वागत के बाद जिलाधिकारी ने सांसद की अनुमति से बैठक शुरू कराई। विधान परिषद सदस्य डा. जयपाल सिंह व्यस्त, गोपाल अंजान, कांठ विधायक, ठाकुरद्वारा के विधायक नवाब जान आदि ने बैठक में सहभागिता की। जिलाधिकारी ने बताया कि 42 किलोमीटर लंबी अरिल नदी को कब्जामुक्त कराकर उसका जीर्णोद्धार कराया गया। जिसे जनप्रतिनिधियों ने सराहा। जिलाधिकारी ने 134 चहारदीवारी विहीन विद्यालयों में मनरेगा से बाउंड्री बनवाने की जानकारी दी। कांठ विधायक ने मनरेगा से हुए कार्य के भुगतान की जानकारी मांगी। परियोजना निदेशक जिला ग्राम्य विकास अभिकरण सतीश चंद्र मिश्रा और जिलाधिकारी ने इसे बताया। उन्होंने बताया कि नये इंडिया मार्का हैंडपंप सरकारी स्तर पर नहीं किया जा रहा है क्योंकि हर घर नल योजना में हर जगह पानी की आपूर्ति सुनिश्चित कर रहे हैं। इसे 31 मार्च 2024 तक पूरा कराने की जानकारी जिलाधिकारी ने दी। उन्होंने बताया कि पहले चरण में 200 से अधिक आबादी वाले गांवों को इसमें लिया गया है।

जन प्रतिनिधि अपनी निधि से 100 से कम संख्या पर भी लगवा सकते हैं। पंद्रह साल तक मेंटीनेंस संबंधित संस्था करेगी। नगर आयुक्त संजय चौहान, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व युगराज सिंह, सचिव एमडीए राजीव पांडेय, मुख्य चिकित्साधिकारी डा. विश्राम सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक डा. अरुण कुमार दुबे, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बुद्ध प्रिय सिंह, अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत शिशुपाल शर्मा, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डा. अनिल कुमार कंसल, जिला आपदा विशेषज्ञ पंकज मिश्रा सहित अन्य विभागों के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे। हर घर नल, हर घर जल योजना में कार्यदायी संस्था करेगी 15 साल तक करेगी रखरखाव

# मैं मुजफ्फरनगर से हूं, दो पिस्टल रखता हूं...बोलने वाला सिपाही लाइन हाजिर

मुरादाबाद- एंटी रोमियो स्क्वॉयड में तैनात है सिपाही, बहन के साथ देखकर विरोध किया तो सिपाही ने सिर पर मारी बट मैं मुजफ्फरनगर का रहने वाला हूं, वहां रोज हत्याएं होती हैं यहां भी मैं दो पिस्टल रखता हूं। सरकारी और एक प्राइवेट...हमें हत्या करने में कोई दिक्कत नहीं होगी...। ये किसी फिल्म का डॉयलाग नहीं बल्कि एंटी रोमियो स्क्वॉयड के सिपाही की बातचीत का वायरल हो रहे ऑडियो में सुना जा रहा है। यह सिपाही युवती की मां को फोन पर धमका रहा है। मां ने अपनी बेटी को सिपाही संग अश्लील हरकतें रंगेहाथ पकड़ लिया था। सिपाही नागफनी थाना क्षेत्र में किराये के मकान में रहता है। वायरल ऑडियो में जो महिला बोल रही है वह और उसका पति सिविल लाइंस क्षेत्र में खाने का ठेला लगाता है। सिपाही की धमकी पर महिला ने दो दिन पहले एसएसपी कार्यालय में प्रार्थना पत्र भी दिया है। इसमें उसने लिखा है कि मुजफ्फरनगर जिले का निवासी सिपाही एंटी रोमियो स्क्वॉयड में तैनात है। ड्यूटी के दौरान सिपाही अक्सर खाना खाने के लिए उसके ठेले पर आता है। ठेले पर उसकी बेटी भी काम करती है। इसी बीच सिपाही ने उसकी बेटी से दोस्ती कर ली। महिला का आरोप है कि कुछ दिन पहले बेटी का उससे और पिता से विवाद हो गया। जिसपर बेटी बुआ के घर चली गई थी। उसी घर में सिपाही भी किराये पर कमरा लेकर रहता था। देर रात तक जब बेटी घर वापस नहीं आई तो उसका 13 वर्षीय भाई खोजते हुए बुआ के घर पहुंच गया। दरवाजा खटखटाया तो अंदर सिपाही और बेटी मौजूद थी। दृश्य देख बेटे ने विरोध किया तो सिपाही ने पिस्टल की बट बेटे के सिर पर मार दी। जिससे वह घायल हो गया। जानकारी पर मौके पर परिजन पहुंचे। सिपाही ने उनसे भी मारपीट की। परिजन थाने पहुंचे तो पुलिस ने बिना कार्रवाई किए ही लौटा दिया। ऐसी स्थिति में महिला ने एसएसपी कार्यालय में प्रार्थना पत्र दिया। लेकिन मामले में कोई राहत नहीं मिली। उलटे एसएसपी कार्यालय पहुंचने की खबर आरोपी सिपाही को लग गई तो वह महिला और उसके परिवार वालों को धमका रहा है। इसी संबंध में एक आडियो इंटरनेट पर वायरल हो रहा है। इस मामले में सीओ कोतवाली देश दीप सिंह ने बताया कि प्रकरण उनके संज्ञान में है, जांच कराकर कार्रवाई करेंगे।

## योगी-मोदी भी कुछ नहीं कर पाएंगे

वायरल ऑडियो में सिपाही महिला से कहता सुनाई दे रहा है कि योगी-मोदी भी उसका कुछ नहीं कर पाएंगे। जहां चाहो वहां मेरी शिकायत कर लो। कह रहा है कि वह मुजफ्फरनगर का रहने वाला है। वहां रोज हत्याएं होती हैं। मैं यहां भी दो पिस्टल रखता हूं। एक सरकारी और दूसरी प्राइवेट। मुझे हत्या करने में कोई दिक्कत नहीं होगी। जब चाहो देख लेना। कांस्टेबल अंकित को लाइन हाजिर कर दिया है। प्रकरण की जांच सीओ सिविल लाइन कर रहे हैं। लड़की की मां ने दूसरी शादी की है, उसका पति नशा करके बेटी को परेशान करता है। वह बुआ के यहां चली गई थी। अंकित उसकी बुआ के मकान में किराए पर रहता है। कहासुनी में चोट लगने की बात सामने आई है। जांच कराई जा रही है।- हेमराज मीना, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक

# ओवरस्पीड, नशे में वाहन चलाने पर कार्रवाई, नियमों के उल्लंघन पर अधिकारियों ने वसूला जुर्माना

मुरादाबाद-जीवन अनमोल है। घर में आपकी जरूरत है, इसलिए वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पालन जरूर करें ताकि आपका जीवन सुरक्षित रहे। सफर के बाद कुशलतापूर्वक घर पहुंचे। बाइक पर हेलमेट पहने और कार पर सवार हों तो सीट बेल्ट लगाएं। नशे की हालत में वाहन न चलाएं। चूंकि परिवार को आपकी जरूरत है। जागरूकता अभियान के बाद भी काफी संख्या में लोग हैं जो यातायात नियमों को मानने को तैयार नहीं हैं। ऐसे लोगों के विरुद्ध अधिकारी कार्रवाई भी करते हैं। अप्रैल-मई में ही देख लें तो जिले में कुल 4,318 वाहनों के विरुद्ध चालान आदि की कार्रवाई हुई है। साथ ही जुर्माने के रूप में वाहन स्वामियों से बड़ी रकम भी अधिकारियों ने प्राप्त की है।

## ओवरलोडिंग में जल्द खराब होता वाहन

संभागीय परिवहन अधिकारी भीमसेन सिंह बताते हैं कि भारी वाहनों पर ओवरलोडिंग होती है। ओवरलोडिंग-ओवरहाईट वाहन के लिए नुकसानदेह होती है और इसमें खतरा भी बहुत रहता है। ओवरलोडिंग से वाहन की चेचिस, टायर व अन्य यांत्रिक खराबी आती है। वाहन का बैलेंस भी बिगड़ता है।

## वाहन की अधिक स्पीड हो सकती घातक- भीमसेन

आप मान लें कि आपके वाहन की निर्धारित गति से अधिक स्पीड को कोई देख या जांच नहीं रहा है तो आप गलत हैं। इंटरसेप्टर के माध्यम से चलते-चलते आपके वाहन की गति अधिकारी जांच ले रहे हैं। अप्रैल-मई में ओवरस्पीड में ही 426 वाहनों के चालान हुए हैं। नशे की हालत में वाहन चलाने वाले 21 लोग पकड़ में आए हैं, जिनके विरुद्ध अधिकारियों ने कार्रवाई भी की है। काफी संख्या में लोगों के ड्राइविंग लाइसेंस भी निरस्त एवं निलंबित किए गए हैं। संभागीय परिवहन अधिकारी भीमसेन सिंह का कहना है कि खासतौर से बाइक सवार को सफर में कभी भी मोबाइल पर बात नहीं करनी चाहिए। उससे ध्यान भटकता है और हादसे की संभावना प्रबल रहती है। यही नहीं, सड़क पर विपरीत दिशा में सफर कतई न करें।

## अप्रैल-मई में परिवहन विभाग द्वारा की गई कार्रवाई

416 वाहनों का ओवरस्पीड की वजह से चालान किया गया। 21 वाहन चालक सफर में नशे की हालत में मिले। 10 ट्रैक्टर-ट्राली नियम विरुद्ध संचालन में बंद कराए और 3.55 लाख रुपये का जुर्माना भी वसूला। 93 लोगों के ड्राइविंग लाइसेंस निलंबित एवं निरस्त किए गए हैं। 111 लाइसेंस निलंबन के लिए अग्रसारित किए गए हैं। 1300 बाइक सवार का हेल्मेट न होने पर चालान। 415 कार सवारों का सीट बेल्ट न लगाने पर चालान। 314 बाइक सवारों का सफर में मोबाइल पर बात करने पर चालान। 106 वाहन चालकों का गलत दिशा में वाहन चलाने पर चालान। 175 वाहनों में हाईसिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट न होने पर चालान कर 3.45 लाख रुपये वसूले। में चालान कर 48.58 लाख रुपये शमन शुल्क वसूला।

# अधिवक्ताओं को सपा से जोड़ने पर जोर, आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर हुई बैठक




मुरादाबाद-समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर शनिवार को पार्टी के अधिवक्ता सभा की बैठक हुई। इसमें अधिवक्ताओं को पार्टी से अधिक से अधिक जोड़ते हुए आगामी लोकसभा चुनाव में उनकी भागीदारी बढ़ाने पर जोर दिया गया। लोकसभा चुनाव को संविधान बचाने के लिए होने की बात अधिवक्ताओं ने कही।

लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर बैठक में सेक्टरवार, बूथवार जिम्मेदारी दी गई। सपा अधिवक्ता सभा के निवर्तमान जिलाध्यक्ष नाजिम हुसैन ने कहा कि इस बार का चुनाव देश का सविधान बचाने का चुनाव है। इसमें सभी को एकजुटता के साथ कड़ा मेहनत करना होगा। क्योंकि वर्तमान केंद्र सरकार केवल जुमलेबाजी कर झूठा प्रचार कर रही है। सपा जिलाध्यक्ष डीपी यादव ने कहा कि सपा नेता मुलायम सिंह यादव ने अधिवक्ताओं के लिए बहुत सी योजनाएं चलाईं थीं। अखिलेश यादव ने अपने मुख्यमंत्री रहते अधिवक्ताओं के लिए दुर्घटना बीमा कोई योजना का लाभ पहुंचाने का काम किया। आज अधिवक्ताओं को कंधे से कंधा मिलाकर काम करने की जरूरत है।

बैठक में एडवोकेट सुनीता सिंह, आकाश, मुमताज हुसैन, वीर सिंह यादव, जाहिद अली, मंजू, यासीन, मोहम्मद इब्राहिम, वीरेन्द्र कुमार सहित अन्य लोग शामिल रहे।

सुपर जोइनिंग वीक
उत्तर प्रदेश,उत्तराखंड,छतीसगढ़ पंजाब का तेजी से बढ़ता आपका अपना
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच & KNLS Live
आवश्यकता है भारत के सभी राज्यों से
रिपोर्टर,विज्ञापन प्रतिनिधि की
12 पेज का फुल अखबार
एक बार कॉल अवश्य करे
9027776991
प्रसारित क्षेत्र - उत्तर प्रदेश,उत्तराखंड,छतीसगढ़ पंजाब बाकि राज्यों से जल्द प्रसारित

# मनमाने स्थानांतरण व अन्य मांगों को लेकर स्वास्थ्यकर्मियों ने दो घंटे ठप रखा कामकाज



मुरादाबाद-मरीजों को परामर्श व जांच के लिए करना पड़ा इंतजार,चिकित्सा स्वास्थ्य कर्मचारी महासंघ के प्रांतीय नेतृत्व के आह्वान पर जिले में चिकित्सा स्वास्थ कर्मियों ने शनिवार को सुबह आठ से दस बजे तक दो घंटे कार्य बहिस्कार कर काम ठप कर दिया। इससे मरीजों को परामर्श व जांच के लिए भटकना पड़ा। कार्य बहिष्कार से दो घंटे ओपीडी, डिस्पेंसरी, एआरवी इंजेक्शन रूम, पैथालॉजी,एक्सरे, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी और स्टाफ नर्स आदि के काम ठप होने से मरीज परेशान हुए। उन्हें चिकित्सकीय परामर्श के लिए भी दो घंटे इंतजार करना पड़ा। पैथोलॉजी में लंबी कतार लग गई। जिलाध्यक्ष पाकेश गुप्ता ने बताया कि मनमाने तरीके से अनीतिगत स्थानांतरण जिसमे दिव्यांग, गंभीर रोगों से ग्रस्त कर्मचारी, दांपत्य नीति एवं संघों के जिला अध्यक्ष और मंत्री के स्थानांतरण यदि सरकार ने वापस नहीं लिया तो आगे वृहद आंदोलन किया जाएगा, जिसकी जिमेदारी सरकार की होगी। आंदोलन में डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन के प्रदेश उपाध्यक्ष निश्चल भटनागर, संप्रेक्षक त्रिवेंद्र चौहान, सीमा भारती, राजेश पाठक, कुंदन सिंह, अंकिता सुशील विशन तिवारी सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मचारी शामिल रहे।

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

# चोरी की गयी मोटरसाइकिल बरामद ,चोर गिरफ़्तार

अरविन्द कुमार यादव
क्यूँ न लिखूँ सच



श्रावस्ती प्रभारी निरीक्षक जीतेन्द्र कुमार सिंह थाना सोनवा मय पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त दुर्गेश पुत्र काली प्रसाद नि0 दूबकला थाना सोनवा जनपद श्रावस्ती को गिलौली नहर पुलिया के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से मुकदमा चोरी गयी मोटर साइकिल होरो एचएफ डीलक्स क्र46 ॥ 7390 बरामद की गयी है। राम समुझ पुत्र मुन्ना निवासी सोनवा थाना सोनवा जनपद श्रावस्ती द्वारा एक तहरीर देकर थाना सोनवा पर मोटरसाइकिल चोरी के संबंध में अज्ञात में मुकदमा पंजीकृत कराया गया था। थाना सोनवा के उ0नि0 श्री राम बहादुर यादव मय पुलिस टीम साथ देखभाल क्षेत्र रोकथाम अपराध व तलाश वांछित/वारंटी तथा मुकदमा में चोरी गयी मोटर साइकिल की बरामदगी/ हेतु क्षेत्र में भ्रमण शील थे । मुखबिर ने सूचना दिया कि एक व्यक्ति गिलौला की तरफ से दूबकला गांव होते हुए सोनवा की तरफ से आने वाला है। जिस मोटर साइकिल से वह व्यक्ति आ रहा है वह मोटर साइकिल10- 12 दिन पहले सोनवा गांव से चोरी हुयी थी। आप लोग चाहे तो उसे पकड़ सकते है। मुखबिर खास की इस सूचना पर अभियुक्त दुर्गेश पुत्र काली प्रसाद नि0 दूबकला थाना सोनवा जनपद श्रावस्ती को गिलौली नहर पुलिया के पास गिरफ्तार किया गया तथा कड़ाई से पूछताछ की गयी तो बताया कि यह मो0सा0 12-13 दिन पहले सोनवा गांव में मुख्य सड़क के किनारे स्थित एक मकान के बरामदे से रात में चोरी की थी उस समय मो0सा0 में चाबी लगी हुई थी। मो0सा0 के नम्बर प्लेट को चेक किया गया तो नम्बर प्लेट में रजि0 नं0 स्पष्ट नही रो रहा था मो0सा0 का चेचिस नं0 चेक किया गया तो मो0सा0 का चेचिस नं0 रूब्क्रु॥क्र202छ्वत्रष्ट00682 अंकित पाया गया ई चालान एप एवं वादी द्वारा उपलब्ध कराये गये रजिस्ट्रेशन की छाया प्रति से चेक किया गया तो मो0सा0 का रजि0 नं0 क्र 46 ॥ 7390 इ0नं0 ॥11श्वह्वछ्वत्रष्ट00637 तथा वाहन स्वामी का नाम राममुझ पुत्र श्री मुन्नालाल निवासी सोनवा थाना सोनवा जनपद श्रावस्ती पाया गया जिसके सम्बन्ध में थाना सोनवा पर मुकदमा पंजीकृत किया ।

# बिजली कटौती के खिलाफ आम आदमी पार्टी ने किया विरोध प्रदर्शन सौंपा ज्ञापन

लंकीन प्रसाद वर्मा
क्यूँ न लिखूँ सच



श्रावस्ती श्रावस्ती आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं का बिजली कटौती को लेकर गुस्सा फूट पड़ा। कार्यकर्ताओं ने प्रदेश में बिजली कटौती को लेकर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी श्रावस्ती को सौंपा जिलाध्यक्ष राम कृष्ण सोनी के नेतृत्व में दर्जनों कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट पहुंच कर विरोध जताया तथा प्रशासन को ज्ञापन सौंप कर सरकार से प्रदेश में निर्बाध बिजली आपूर्ति कराने की मांग की। जिससे इस भयंकर गर्मी से लोगों को निजात मिल सके और लोगों की मौतें न हों। गर्मी के कारण प्रदेश में जो मौतें हुई है उन मृतक के परिवार को उचित मुआवजा और सरकारी नौकरी देने की मांग की। बिजली विभाग में रिक्त पदों को जल्द से जल्द भरा जाए। जिलाध्यक्ष रामकृष्ण सोनी ने कहा कि प्रदेश में बिजली की अघोषित कटौती हो रही है। जनता बिजली कटौती से त्राहिमाम कर रही है। पूरे प्रदेश में बिजली कटौती का संकट लोग झेल रहे हैं गर्मी की वजह से अस्पतालों में लोग भर्ती हो रहे हैं और मौतें हो रही हैं। कहा कि यह बेहद दुर्भाग्य है कि 21वी सदी में लोगों को बिजली जैसी मूलभूत आवश्यकता की पूर्ति नहीं हो रही है। इस दौरान रत्नेश पांडे ,अवनीश शुक्ला ,अशरफ खान, दीनबंधु शुक्ला, दुर्गेश कुमार, मेराज आलम, गोविंद शुक्ला सहित तमाम कार्यकर्ता उपस्थित रहे

# सशस्त्र सीमा बल के द्वारा सीमा वर्ती ग्रामीण इलाके में चिकित्सीय परामर्श केंद्र का आयोजन

प्रेमचंद जायसवाल
क्यूँ न लिखूँ सच




